## संक्षिप्त

### महात्मा गांधी को किया याद

**गंगापुर सिटी** 30 जनवरी। शहीद दिवस पर गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार पंचायत समिति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, उप जिला कलेक्टर ब्रजेन्द्र मीणा और खंड विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने संबोधित किया। उन्होंने युवाओं से गांधी दर्शन को समझने और उसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए साध्य के साथ-साथ साधनों की पवित्रता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रार्थना सभा में रामधुन के साथ महात्मा गांधी के प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' और ''वैष्णव जन तो तेने कहिए'' का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर शांति, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम में उपखंड स्तरीय अधिकारी, पंचायत समिति के कार्मिक और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### हिन्दू सम्मेलन 1 फरवरी को

**गंगापुर सिटी** 30 जनवरी। देश भर में आयोजित किए जा रहे हिन्दू सम्मेलनों की कडी में नसिया कॉलोनी बस्ती के तत्वावधान में आगामी 1 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से नसिया कॉलोनी स्थित नंबर 3 स्कूल में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक सेवानिवृत्त अध्यापक सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर नसिया बस्ती के प्रत्येक क्षेत्र सुभाष कॉलोनी, कोली पाडा, राजपूत कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, दीनदयाल पार्क क्षेत्र, रैगर मोहल्ला, गुरुद्वारा बस्ती, मीणा मोहल्ला, कीर पाडा, सैनी कॉलोनी सहित संपूर्ण नसिया कॉलोनी में घर-घर गहन संपर्क किया जा रहा है और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में माता बहनों, प्रबुद्धजनों, युवाओं से पधारने हेतु विशेष आग्रह किया जा रहा है। आयोजन समिति के स्वयंसेवकों ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ भजन कीर्तन, पांच परिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी बोध, नागरिक कर्तव्य पर विस्तृत बौद्धिक उद्बोधन विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा।

### गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष नमन

**रूपवास।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित गांधी पार्क में शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की मूर्ति पर एसडीएम विष्णु बंसल ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद ईओ योगेश पिप्पल, लेखाकार सौरभ सिंघल, डब्बू बंसल, महेंद्र सिंह, आजाद कुमार ने बापू के प्रिय भजनों के गान के बाद दो मिनट का मौन रख कर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान उपखंड के सभी सरकारी कार्यालयों में भी सुबह दो मिनट का मौन रखा गया।

### भारत बंद का आव्हान 1 को

**करौली।** यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को जारी विनियमों के विरोध में करौली मैरिज गार्डन इन में प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अठावाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अठावाल, करौली शहर अध्यक्ष श्यामलाल बजाज एवं ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मदन मोहन पचोरी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी को प्रस्तावित भारत बंद के समर्थन में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत दोपहर 3 बजे रैली निकालकर व्यापारियों एवं दुकानदारों से सहयोग की अपील की जाएगी तथा शाम 7 बजे अठावाल धर्मशाला में आगामी रणनीति पर चर्चा के लिए बैठक होगी। वक्ताओं ने यूजीसी विनियमों को शिक्षा एवं सामाजिक संतुलन के विरुद्ध बताते हुए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने पर जोर दिया।

### विश्वकर्मा जयंती आज

**हिंडौन सिटी।** शहर में विश्वकर्मा जयंती शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के हिंडौन तहसील अध्यक्ष भगवान सहाय कटारिया ने बताया कि जांगिड ब्राह्मण समाज की ओर से गौशाला के पास जांगिड धर्मशाला में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा।

# सीएम से कंजौली व रारह आरओबी को फोरलेन में परिवर्तित करने का आग्रह

- **विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री शर्मा को लिखे पत्र**
- **सौंख मार्ग, बघेरा अपना घर से यूपी बार्डर अछनेरा रोड, घासीराम बिठोडियर चौराहे से बाघई तक भी सडक को फोरलेन कराने की रखी मांग**

**भरतपुर** 30 जनवरी। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर भरतपुर के कंजौली व रारह के रेल्वे ओवर ब्रिज सहित भरतपुर-सौंख मार्ग बझेरा अपना घर से यूपी बार्डर अछनेरा रोड तक एवं घासीराम बिठोडियर चौराहे से बाघई गांव तक की सडक को फोरलेन करने के साथ ही मडरपुर रेल्वे फाटक पर आरओबी बनवाने का आठाह किया है।

विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि भरतपुर के कंजौली एवं रारह पर स्थित रेल्वे ओवर ब्रिजों 24 घण्टे यातायात का दबाव रहता है। सैकडों की संख्या में प्रतिदिन इन ओवर ब्रिजों पर होकर वाहन निकलते हैं। यह ओवर ब्रिज छोटे होने के कारण कई बार यहां पर जाम लग जाता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। ओवर ब्रिज छोटे होने के कारण कई बार दुर्घटनायें भी हो जाती है और कई बार तो बीमार एवं जरूरी काम से जाने वाले लोग जाम में फंस जाते हैं तो उन्हें विकट समस्या का सामना करना पड जाता है। उन्होंने इन दोनों ही ओवर ब्रिजों को फोरलेन में परिवर्तित करने का आठाह करते हुये कहा है कि इन ओवर ब्रिज फोरलेन हो जाने से आवागमन व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगा। इसी तरह भरतपुर सौंख मार्ग पर भी वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है। इस मार्ग से राजस्थान के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु गोवर्धन, मथुरा, वृन्दावन सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर आते-जाते हैं तथा हजारों यात्री प्रतिदिन गोवर्धन गिर्राज जी की परिक्रमा देने के लिये भी पहुंचते हैं। इस मार्ग पर तुहिया, सोगर, नगला हरचन्द, मंहगाया, अजान, गुनसारा आदि गांव पडते हैं। इन गांवों में रहने वाले लोगों का आवागमन भी बना रहता है। डॉ. गर्ग ने श्रद्धालुओं और ठाामीण क्षेत्र की जनता की परेशानियों को देखते हुये इस मार्ग को भी फोरलेन में तब्दील कराने की मांग मुख्यमंत्री से की हैं। इसी प्रकार डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बजट घोषणानुरूप प्रथम फेज में मानसिंह सर्किल से बझेरा अपना घर तक सडक चौडाईकरण के कराये गये कार्य पर आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बझेरा अपना घर से यूपी बार्डर तक अछनेरा मार्ग की सडक को भी आगामी बजट में शामिल कर फोरलेन में परिवर्तित किया जाये, ताकि इस मार्ग से निकलने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सके क्योंकि पर्यटन की दृष्टि से यह मार्ग प्रमुख है तथा क्षेत्र में पडने वाले गांव के लोगों का भी आवागमन सुगम हो सके। विधायक डॉ. गर्ग ने घासीराम बिठोडियर चौराहे से पीपला होते हुये बाघई गांव तक की सडक को भी फोरलेन में तब्दील करने का आग्रह करते हुये मडरपुर रेल्वे फाटक पर रेल्वे ओवर ब्रिज बनवाने की भी मांग करते हुये महारानी श्री जया कॉलेज से घासीराम कॉलोनी तक सडक के चौडाईकरण कराने पर आभार जताया है।

### महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित

**भरतपुर,** (निस)। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद दिवस के रूप में पुलिस अधीक्षक कार्यालय भरतपुर सहित जिले के समस्त पुलिस थानों पर शहीद दिवस श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा उनके सम्मान में रामधुन एवं गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त जिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रिपता की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया तथा उनके सत्य, अहिंसा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। भरतपुर पुलिस द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी के विचारों को सदैव प्रेरणा स्वरूप मानते हुए समाज में शांति, सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे।

## स्वैच्छिक महारक्तदान शिविर आयोजित

**गंगापुर सिटी** । शिवाजी क्लब ने संस्थापक स्व. मोहनलाल जैमिनी की 27वीं पुण्यतिथि पर नौवें स्वैच्छिक महारक्तदान शिविर का आयोजन किया। रिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में कुल 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दिया। शिविर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित और रिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. महेन्द्र मीना ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। यह शिविर क्लब द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नियमित रक्तदान शिविरों की श्रृंखला में नौवां था। मीडिया प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित रक्तदान से हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों की संभावना कम होती है। क्लब अध्यक्ष राजदीप जैमिनी ने जानकारी दी कि शिवाजी क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, जिसके लिए क्लब सदैव तत्पर रहता है। इस शिविर में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संदीप जैमिनी, मोनू सैनी, देवेंद्र गुर्जर, राकेश मीना, रवि सैनी, मनीष शर्मा, अंकित सिंह, हेमंत शर्मा, महेन्द्र कुम्भाल, परमानंद, सोनी और राहुल जाट सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'चिकित्सा के क्षेत्र में सीपी हॉस्पिटल एक जाना पहचाना नाम'

**गंगापुर सिटी।** सीपी हॉस्पिटल, गंगापुर सिटी ने अपने सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रधान डॉ. सी.पी. गुप्ता एवं डॉ. क्षितिज गुप्ता ने अपने संबोधन में अस्पताल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस समारोह में अस्पताल के डॉक्टरों, स्टाफ और अन्य अतिथियों ने भाग लिया और अस्पताल की सेवाओं को संतोषजनक बताया एवं सराहना की। अस्पताल के 10 वर्षों के सफर में मरीजों को दी गई सेवाओं और अस्पताल के विकास के लिए डॉ. सी.पी. गुप्ता और डॉ. क्षितिज गुप्ता को बधाई दी गई। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. सी.पी. गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल के अंदर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, सर्जरी रोग विभाग, नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग, जनरल मेडिसिन विभाग, दंत रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, डायलिसिस विभाग, स्किन एवं वैलनेस विभाग, इमरजेंसी ट्रॉमा एवं क्रिटिकल केयर विभाग, 24 घंटे ब्लड व प्लेटलेट्स की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य अथिति भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने हॉस्पिटल के चेयरमैन व वरिष्ठ प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सीपी. गुप्ता व हॉस्पिटल की सेवाओं की प्रशंसा की और कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण ने अस्पताल को इस मुकाम तक पहुंचाया है। सीपी हॉस्पिटल एवं जगतपुरा स्थित द चिल्ड्रन क्लीनिक के निदेशक व नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि शहर का एकमात्र मातृ एवं शिशु फीडिंग एरिया भी सीपी हॉस्पिटल में है। अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मां योजना) के तहत प्रतिदिन सभी तरह का इलाज एवं ऑपरेशन किया जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों का कैशलेस इलाज आरजीएस योजना के अंतर्गत उपलब्ध है। गोल्ब्लैडर, अपेंडिक्स, पथरी का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा किया जा रहा हैं। समारोह में पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, निवर्तमान चेयरमैन शिवरतन अग्रवाल, एवं चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ.रोहित गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित गुप्ता, निदेशक डॉ. क्षितिज गुप्ता, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति शर्मा, बंटी खान आदि मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## ध्वनि प्रसारक यंत्रों पर रोक

**करौली।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, महाविद्यालय एवं स्थानीय विद्यालयों में फरवरी से मई 2026 तक संचालित होने वाली परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण पर सख्त कदम उठाए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने सम्पूर्ण करौली जिले में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक सभी प्रकार के ध्वनि प्रसारक एवं विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर और एम्प्लीफायर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 31 मई 2026 तक प्रभावी रहेग । जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि शादी-विवाह समारोह, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों में लाउडस्पीकर व एम्प्लीफायर के अत्यधिक उपयोग से विद्यार्थियों की रात्रि अध्ययन व्यवस्था तथा आम नागरिकों के अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होती है। इससे ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 एवं संशोधित नियम, 2017 का उल्लंघन होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राजस्थान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1963 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर यह आदेश जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे की नियमित पाठ-पूजा एवं मस्जिदों की अजान पर लागू नहीं होगा। हालांकि, विशेष धार्मिक अनुष्ठान, कीर्तन, विवाह समारोह अथवा ऑटो द्वारा विज्ञापन एवं अन्य विशेष परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने से पूर्व संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार में ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### स्वच्छता अपनाने का उद्घोष

**भरतपुर,** (निस)। आरयूआईडीपी, भरतपुर की सामुदायिक जागरुकता एवं जन सहभागिता इकाई (कैप) की ओर से आनन्द नगर, मुरवारा रोड व कउआ का नगला में सीवर कनेक्शन व सामुदायिक स्वच्छता के लिये आमजन में जागरुकता फैलाने के उद्देष्य से छात्र-छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली को अधिषाषी अभियन्ता राजुल कुमार, ए.सी.एम. राहुल एवं प्रधानाध्यापक देवी सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में आनन्द नगर स्थित एम.डी.वी. माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों मे नारों की तख्तियाँ लेकर गूंजते नारों के साथ 'गंदगी दूर भगाना है, सीवर कनेक्षन करवाना है', एक कार्य करें भला, स्वच्छ रखें गली-मौहल्ला' जैसे सन्देष आमजन तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य किया।

## नववर्ष स्नेह मिलन समारोह

**भरतपुर,** (निस)। लॉयस क्लब भरतपुर ब्रिज की ओर से पोषबड़ा एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होटल आदित्य रिजॉर्ट में किया गया! कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्य एवं उनके परिवारों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं पोषबडा एवं नववर्ष की खुशियों को इस प्रोठााम में दोगुना करने वाले इस आयोजन में गेम, एवं कई प्रकार के खेल, महिलाओं एवं बच्चों के डांस संस्कृति प्रोठााम किए गए एवं इसमें सभी सदस्यों की पारिवारिक मिलन की भावना प्रमुख रही, कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन सतीश जी मित्तल ने की एवं क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन ओमप्रकाश गुप्ता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब की गतिविधियों एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला सचिव सुबोध आर्य एवं कैशियर योगेश गोयल ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन किया, कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गुप्ता ने विभिन्न प्रकार के खेल एवं गेमों का खिलाने का शानदार प्रदर्शन एवं संचालन किया एवं एंकर देवांश जैन ने बच्चे एवं सभी महिला सदस्यों को म्यूजिक के साथ खूब मस्ती कराई एवं सदस्यों ने मस्ती के साथ शानदार कपल डांस किया महिलाओं ने नाच गानों में काफी शानदार प्रदर्शन किया मोनिका गुप्ता एवं कुसुम गुप्ता ने बहुत शानदार नृत्य किया, जिसमें सभी लॉयस साथियों ने मस्ती का आनंद लिया कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य हेमंत बंसल के. बी. बंसल , राजेंद्र बंसल, मुनेश गुप्ता, विजय गोयल एडवोकेट, राजेश्वर सिंह, नरेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, राकेश सिंघल, राकेश मित्तल, विष्णु मित्तल, मुकुल गोयल, सत्यव्रत गोयंका, बनवारी लाल गोयल, प्रेमेंद्र गुप्ता आदि सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को अति शानदार बनाया।

### कांग्रेस की बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में वार्ड नं 22 में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत शहर कांग्रेस द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर दयाचन्द पचौरी ने की। बैठक में वार्ड नंबर 22 की सरदारी के सम्मुख शहर अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी ने अपने संबोधन में बताया कि भाजपा सरकार मनरेगा का नाम बदलकर गलत कर रही है। जबकि पहले महात्मा गांधीजी के नाम से इस योजना को चलाया जा रहा था। महात्मा गांधी जी ने देश के लिए बलिदान दिया और यह आज भाजपा की सरकार देश में अराजकता फैलाना चाहती है। महगाई चरम पर है। आम आदमी, मजदूर, किसान मध्यम वर्ग का शोषण किया जा रहा है। हम सभी को मिलकर ऐसी सरकार को सबक सिखाना होगा। और भाजपा की जो नाम बदलने की राजनीति है उसका सबको मिलकर पुरजोर विरोध किया।

# एमएसजे कॉलेज में शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गाँधी के सिद्धांतों को याद किया

- **डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने गाँधी जी के सर्वधर्म समभाव और एकादश व्रतों पर प्रकाश डालते हुए रामधुनी एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया। गाँधीजी का अहिंसा का संदेश, सत्य का मार्ग, मानव-समता और स्वतंत्रता हेतु उनके द्वारा किया गया संघर्ष आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है।**

**भरतपुर** (निस)। अहिंसावादी महात्मा गाँधी 30 जनवरी 1948 के दिन शहीद हुए। गाँधी की स्मृति में प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रातः 10:30 से 11:02 बजे तक शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों के नमन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ.सुनीता पाण्डे, डॉ.शिल्पीदीप माथुर, डॉ.अंजू तंवर, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. रामकिशोर उपाध्याय एवं अन्य संकाय सदस्यों एवं छात्रों द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने गाँधी जी के सर्वधर्म समभाव और एकादश व्रतों पर प्रकाश डालते हुए रामधुनी एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया। गाँधीजी का अहिंसा का संदेश, सत्य का मार्ग, मानव-समता और स्वतंत्रता हेतु उनके द्वारा किया गया संघर्ष आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर गाँधीजी एवं अन्य शहीदों को याद करते हुए,उनके बलिदान से हमें शांति, समानता, स्वतंत्रता और स्वावलंबन की सीख मिली है।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ.सुनीता पाण्डे ने राष्ट्रिपता महात्मा गाँधी के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हम संकल्प लें कि उनके दिखाए मार्ग पर हम सभी चलें। गाँधीजी एवं अन्य शहीदों के बलिदान की स्मृति में श्रद्धा भाव से उपस्थित होकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, मंत्रालायिक कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं अन्य विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखा। अंत में जय हिंद, वंदे मातरम, भारत माता की जय के साथ सभी शहीदों को नमन करते हुए एवं उपस्थित सभी संभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर निर्धारित समय पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ.राजवीर सिंह शेखावत, डॉ. अंजना शर्मा, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. अमित कुमार रैंकवार, डॉ.पुजारी ठाकुर सिंह, विष्णु चंद गौड, डॉ. देशमुख सिंह, कविता वर्मा, डॉ. राजकुमारी, डॉ. महेंद्र सिंह लोधा, चंद्रकला, मांगीलाल, दीनदयाल, सुशील, कुंदन पंडा आदि संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# घुमंतू सहायता शिविरों में दस्तावेजीकरण अभियान तेज, 737 आवेदन प्राप्त

**करौली।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदाय को जोडने के उद्देश्य से 12 से 31 जनवरी तक जिले में सहायता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 15 जनवरी से प्री-कैम्प तथा 19 से 29 जनवरी तक मुख्य शिविर लगाए गए। एक्शनएड एसोसिएशन करौली एवं अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से घुमंतू समुदाय की ढाणियों व बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शिविरों तक लाया गया। इन शिविरों में मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के लिए आवेदन कराए गए। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि कुल 737 घुमंतू जाति पहचान प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें ठाामीण क्षेत्रों से 559 और शहरी क्षेत्रों से 178 आवेदन शामिल हैं। कुछ क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कम होने के कारण सभी पात्र लोग लाभ नहीं ले पाए, इसलिए डोर-टू-डोर सर्वे कर वंचितों की सूची तैयार की जा रही है। इस अभियान में डॉ. अम्बेडकर जन उत्थान समिति, समता ठाुप, जीएलओडीपी फैलो, एक्शन फॉर एडवोकेसी विकास अनुसंधान संस्थान एवं माय भारत करौली के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सवर्ण समाज के लोगों ने किया यूजीसी का विरोध

**रूपवास।** शहर के हनुमान मंदिर पर यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों की बैठक अध्यक्ष राजेश गुड्डू कटारा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मोहनलाल शर्मा एडवोकेट, पार्षद नीरज सत्तू गौड़, अभिषेक कटारा, अवनीश शर्मा, स्वाधीन शर्मा, प्रशांत बंसल प्रधान, ब्रजेश कुमार, महेन्द्र सिंह परमार, रामेश्वर परमार, अरुण परमार, संतोष सिकरवार,आदि ने एक स्वर में केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत काले कानून को वापस लेने की बात कही।

उसके बाद ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश गुड्डू कटारा, अधिवक्ता ताराचंद शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा, रामअवतार भाटी, रामेश्वर परमार आदि की अगुवाई में सवर्ण समाज के लोगो ने रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया। राजेश कटारा ने कहा कि पहले से ही सवर्ण समाज पिछ्डा व घुटन भरी जिंदगी जीने को मजबूर हो रहा है।

अब इस कानून के आने से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ जायेगा। वही शिक्षा के मंदिरों में जातीयता वाली भेदभाव की नीति लागू नहीं करे। जिससे सवर्ण समाज के युवा कॉलेज जाने से कतराकर अनपढ़ नही रह जाये। जिलाध्यक्ष मोहनलाल एडवोकेट ने सरकार से काले कानून को वापिस लेने की मांग कर शिक्षा के स्तर को बनाये रखने की बात कहते हुए हिन्दू समाज में जातिवाद की लड़ाई नही कराने व समानता से रहने की बात कही। ताराचंद शर्मा एडवोकेट ने काले कानून के दुष्परिणाम आने व युवाओं द्वारा पढ़ाई से मोह भंग होने की बात कही।

## सार-समाचार

### शहीद दिवस पर विद्यालयों में सद्भावना रैलियां निकाली

**करौली।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति, जिला करौली के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में सद्भावना कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभात फेरियों एवं शांति रैलियों के माध्यम से आमजन को अहिंसा, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में गांधीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समिति के जिला संयोजक प्रेमसिंह माली ने विद्यार्थियों के साथ रामधुन एवं भजन ''हरे राम हरे राम कहा करो, दुख न किसी को दिया करो...'' का सामूहिक गायन कर गांधीजी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में सूर्योदय पब्लिक माध्यमिक विद्यालय से शांति एवं सद्भावना रैली निकाली गई, जो विवेक विहार, पाण्डे का कुआं और माथुर स्टेडियम होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची, जहां सद्भावना सभा आयोजित की गई। सभा में जिला सहसंयोजक फूलसिंह बांधवा, ब्लॉक संयोजक समयराज कोंडर एवं संस्था प्रधान मुन्नालाल मीणा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पौराणिक कथाओं के गायन से जन संस्कृति जागृत

**गंगापुर सिटी** । वजीरपुर उपखंड क्षेत्र के छोटी उदई गांव में छह दिवसीय दंगल कार्यक्रम बडे ही उत्साह के साथ चल रहा है जो 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न पारंपरिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक व पौराणिक कथाओं के माध्यम से संस्कृति का प्रचार किया जा रहा है। गुरुवार को सुड्ढा दंगल का आयोजन किया गया। 30 जनवरी को धार्मिक ढांचा दंगल तथा 31 जनवरी को कन्हैया दंगल होगा। इन आयोजनों में क्षेत्र के कई गांवों की कीर्तन और दंगल पार्टियां भाग ले रही हैं। दंगल में खानपुर, हिग्नोटी और भवनपुरा की कीर्तन पार्टी, सरमथुरा, नांदरी, डेंडान और कांचरोदा की सुड्डा पार्टी, विष्णु पीतलवास और राजू की ढांचा पार्टी तथा छोटी उदई, नहर खोहरा और ओलवाड़ा की कन्हैया पार्ध्घ्यिां प्रस्तुतियां दे रही हैं। कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों और पौराणिक कथाओं का सजीव चित्रण किया जा रहा है। आयोजन छोटी उदई के ग्रामीण करवा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजन से लोक संस्कृति और परंपराओं को संजोने का अवसर मिलता है। आपसी सामाजिक समरसता भी मजबूत होती है।

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**सूरौठ** । तहसील के समीपवर्ती विजयपुरा स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में व्याख्याता विजेन्द्र सिंह मीना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकें। शिक्षिक ने आपात स्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके सिखाए। शिक्षकों ने बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक ताकत पर निर्भर नहीं करती, बल्कि सजगता, फुर्ती और सही समय पर निर्णय लेना भी जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान फिटनेस और मानसिक दृढ़ता के महत्व पर भी जोर दिया गया तथा आत्मरक्षा के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी संवाद किया गया।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के पथ पर चलकर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई तथा दलित व नारी उत्थान, धार्मिक एकीकरण, सामाजिक कुरीतियां समाप्त करने व लघु उद्योग स्थापित करने की वकालत की। उन्होंने भारत में राम राज्य की परिकल्पना की। गांधी ने ठाामस्वराज व ठाामोत्थान के लिए काम किया। महात्मा गांधी युग पुरुष थे और विश्व शांति स्थापित करने के लिए सत्य एवं अहिंसा की राह दिखाई। डॉ राहुल कुमार ने कहां की गांधी की 30 जनवरी 1948 को हत्या कर दी गई, लेकिन भारत देश व विश्वभर में आज भी गांधी दर्शन जिंदा है। डॉ मोहित कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का असहयोग आंदोलन, दांडी मार्च व भारत छोडो आंदोलन नें अंठोजी शासन की चूलें हिला दी ।

### मौन व कुष्ठ भेदभाव मिटाने की शपथ

**करौली,** 30 जनवरी।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक ''स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा'' का शुभारंभ किया गया। इसके तहत स्वास्थ्य भवन परिसर स्थित सीएम कार्यालय सहित जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों एवं कार्यालयों में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया तथा कुष्ठ रोगियों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने कहा कि कुष्ठ रोग का समय पर निदान सरल है और इसका उपचार पूरी तरह संभव है। जिले में संभावित सभी मामलों की शीघ्र पहचान कर उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए रोग उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों, कलंक और भेदभाव को समाप्त करने के लिए व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया ।

### मारपीट मे 5 लोग घायल

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर शहर में घर के बाहर पडे कचरे को लेकर एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया झगड़ा इतना बढ़ गया कि जमकर मारपीट हुई जिसमें लोहे के सरिया हॉकी लाठी डंडे चली जिसमें करीब पांच लोग घायल हो गए घायलों को जिला आर बीएम में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका उपचार जारी है। कोतवाली थाना अंतर्गत कुम्हेर गेट स्थित माली मोहल्ला में रहने वाले सतीश सैनी ने बताया कि हमारे घर के बाहर पड़ोसी भूरी सिंह सैनी के द्वारा कचरा डाल दिया गया बार-बार कहने के बावजूद जब कचरा नहीं उठाया तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गए और झगड़ा काफी बढ़ गया जिसके चलते एक पक्ष की तरफ से लाठी डंडे सरिया निकल गए और जमकर मारपीट की गई इस घटना में करीब 5 लोग घायल हुए हैं जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं घायलों को जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका उपचार जारी है

### गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित

**भरतपुर** (निस)। जिला कांठोस एवं शहर कांठोस के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी की 78 वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी की दिल्ली में प्रार्थना सभा में हत्या किए जाने के बाद यह दिन शहीद दिवस के रूप में कांठोस की सभी इकाइयों द्वारा पूरे देश में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। इसी क्रम में आज गांधी पार्क भरतपुर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को कच्चा दूध एवं गंगाजल से स्नान कराने के बाद सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शहर अध्यक्ष दयाचंद पचोरी ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्श एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने का आवाहन किया। तत्पश्चात वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने गांधी जी के 10 सिद्धांतों को दोहराया। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन रघुपत राघव राजाराम एवं वैष्णव जन तो तेने कहिए की धुन भी सुनाई गई। कार्यक्रम 10:00 बजे प्रारंभ होकर 10:58 पर मौन रखकर संपन्न हुआ कार्यक्रम में साहब सिंह एडवोकेट, भगवान कटारा, जगदीश बंजी, दिनेश सोगरवाल, तेजप्रकाश सरपंच, कर्मवीर सिंह सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**भरतपुर** (निस)। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजस्थान अकाउंटेंट एसोसिएशन जिला शाखा भरतपुर द्वारा कोषालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला कलक्टर कमर चौधरी द्वारा किया गया। विशिष्ट अथिति के रूप में अतिरिक्त निदेशक लोकल फंड पीके लवानियां, अतिरिक्त निदेशक पेंशन विभाग वीके सिंह, कोषाधिकारी डॉ. लोकेंद्र सिंह, आरबीएम अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र भदौरिया ने सहभागिता निभाई। शिविर मे लेखा परिवार के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया और रक्तदान किया गया।